# राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर

राजस्थान सरकार

RSCERT Udaipur





# हवामहल

## कोरोना समय में बच्चों का झरोखा



**23 जुलाई 2022: शनिवार: वर्ष – 03: अंक – 13**

### मम्मी की रोटी

आज की कविता

तुम्हारे आसपास कितना कुछ है जो गोलमटोल है। घर के अंदर, घर के बाहर, धरती में भी और आसमान में भी। कभी मम्मी की रसोई में, तो कभी पापा की जेब में। कभी दादा जी के चेहरे पर तो कभी दादी के चेहरे पर। क्या क्या है गोलमटोल? जानने के लिए चित्र पर क्लिक कर सुनते हैं ये कविता।

**3+ वर्ष के बच्चों के लिए। BookBox**





### कचरे का दोस्त

आज की कहानी

चीकू के साथ कोई खेलना नहीं चाहता। चीकू का कोई दोस्त नहीं बन पा रहा था। सब चीकू से दूर भागना चाहते हैं। चीकू बहुत दुखी है, शायद दुनिया में सबसे ज्यादा दुखी। क्या है उसका दुख? सब क्यों भागते हैं उससे दूर? एक गंदा बादल उसके पीछे क्यों पड़ा है? चित्र पर क्लिक कर सुनते हैं ये कहानी।

**6+ वर्ष के बच्चों के लिए। BookBox**




### तितली और इंद्रधनुष

आज की किताब

क्या तुम जानते हो पहले तितलियों के सिर का एक ही रंग ही हुआ करता था। वह भी बिल्कुल फीका रंग। फिर तितलियों ने कभी गिरगिट से, कभी सूरज से, तो कभी चित्रकार से रंग उधार लिए। पर बात कुछ बनी नहीं। फिर ऐसा एक दिन क्या हुआ कि तबसे तितलियाँ रंगबिरंगी होने लगीं ? जानने के लिए पढ़ते हैं ये मज़ेदार कहानी। चित्र पर क्लिक कर कहानी पढ़ें।

**6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Room to Read**




### सोलर खिलौना कार

आज की गतिविधि

क्या तुम ऐसी कार की कल्पना कर सकते हो जिसमें न तो पेट्रोल लगता हो, न डीजल, न कोयला और न ही बिजली? हो गए न हैरान ! आज हम एक ऐसी खिलौना कार बनाना सीखेंगे जो सूरज की रोशनी से यानि सौर ऊर्जा से चलती है। गतिविधि को देखने के लिए इस चित्र पर क्लिक करें।

**6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Arvindgupta Toys**




### कहानी क्यों ?

टीचर्स कॉर्नर

प्राथमिक कक्षाओं में भाषा शिक्षण के लिए कहानी-कविताओं को एक महत्वपूर्ण अवयव के तौर पर देखा जाने लगा है। लेकिन अभी भी इसके सैद्धांतिक पक्ष को उतनी गंभीरता से नहीं लिया जाता है। न सिर्फ बच्चों के स्कूली जीवन में बल्कि जीवनपर्यंत ये कहानियाँ क्या काम करती हैं, अनीता ध्यानी ने अपने इस आलेख में इसका जिक्र किया है। चित्र पर क्लिक कर पढ़ें।

**शिक्षकों के लिए। Pathshala**




### कक्षा-कक्ष की गतिविधियां, शिक्षा के उद्देश्य और पुस्तकालय

हमारा पुस्तकालय

पुस्तकालय एक ऐसी जगह है जो सीखने के बहुआयामी रास्ते खोलती है और विविध अवसर बनाती है। लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि पुस्तकालय एक उद्देश्यपरक जगह है। जो भी गतिविधियाँ यहाँ होती हैं उनके निश्चित उद्देश्य होते हैं । इन उद्देश्यों से ही हमें दिशा मिलती है। पढ़ते हैं गजेन्द्र राउत का ये ब्लॉग ।

**शिक्षकों के लिए। Educationmirror**



**#सबपढ़े**

**#सबबढ़े**

साथियों, हवामहल का 117 वाँ अंक आपके हाथों में हैं। खुद जुड़िये और अपने दोस्तों को भी जोडिए। बताइएगा कि यह अंक कैसा लगा?

हवामहल के सभी अंकों को प्राप्त करने के लिये यह QR कोड स्कैन करें।

आज का अंक आपको कैसा लगा? अपने सुझावों से अवगत कराने के लिए सुझाव पेटिका के चित्र पर क्लिक करें।